आइआइएम के विद्यार्थियों ने सीखा प्रबंधक का काम, मिले महत्वपूर्ण टिप्स

सकारात्मक मानसिकता, दृष्टिकोण, निष्ठा जुनून और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के विद्यार्थियों ने रविवार को औद्योगिक भ्रमण के तहत पतरातू स्थित जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड का भ्रमण किया. एचआर (सत्र 2018-20) के विद्यार्थियों को उद्योग क्षेत्र की चुनौतियों से अवगत कराया गया. उद्योग के संचालन में इस्तेमाल होनेवाले विभिन्न क्रियाकलापों और कार्यप्रणाली बतायी गयी. विद्यार्थियों ने उद्योग प्रबंधक की ओर से मैनपावर के साथ तालमेल बनाये रखने के गुण सीखे. औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व सहायक प्रो पियाली घोष ने किया. जिंदल के वरीय प्रबंधक आरएन प्रसाद ने प्रबंधन के क्षेत्र में संभावनाओं की जानकारी दी. विद्यार्थियों को प्रेरित किया. साथ ही उद्योग को विकसित करने के लिए कर्मचारियों की

अपेक्षाओं को समझने की बात कही. उन्होंने बताया कि संस्थान को विकसित करने में कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम होती है. ऐसे में वर्कर्स से जुड़े मामलों को समझना के लिए प्रेरित किया. विद्यार्थियों को समर्पित रहने के लिए इस पेशे में सकारात्मक मानसिकता, दृष्टिकोण, निष्ठा, जुनून और ईमानदारी को जीवन में साथ लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया. समापन पर विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण को शैक्षणिक और प्रायोगिक दृष्टिकोण से लाभदायक होने की बात कही.

Prabhat Khabar, 10.02.2020, Pg.17(Supli)